कार्यक्रम

इमझिरा और डोभी में हुये विविध आयोजन,संकटमोचक हनुमान महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से देर रात्रि तक चले कार्यक्रम

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** संकटमोचक श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव इमझिरा में बड़े ही उत्साह श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम में सुबह से ही जोरदार तैयारियां की गई थी। और हनुमान मंदिर में विद्युत साज सज्जा की गई। ग्राम के प्रतिष्ठित बाल रूप हनुमान मंदिर में भगवान शिव शंकर के साथ हनुमान जी महाराज का जलाभिषेक के साथ ग्राम के सभी मंदिरों में हनुमान जी का विशेष अभिषेक पूजन अर्चन व चोला श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे मंदिर के गर्भ गृह में विराजित श्री गणेश बाल रूप हनुमान शिवलिंग के रूप में स्थापित भगवान भोले नाथ का मनमोहक श्रृंगार के साथ सुंदरकांड हनुमान चालीसा एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम 4 बजे से कंकाली देवी मठ से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्री राम जानकी एवं लक्ष्मण जी के साथ हनुमान जी महाराज की झांकी सजाई गई ।जो देव स्थलों होती हुई मां खेरापति मंदिर तक पहुंची और शोभायात्रा का समापन किया गया। रात्रि 8 बजे मंदिर में महाआरती के उपरांत रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम भी समिति द्वारा आयोजित किया गया।



### सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

समीपी ग्राम डोभी सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के अवसर पर पूजन अर्चन के साथ विशाल शोभ यात्रा निकाली गई ।जिसमें आस्था का सैलाब देखने को मिला ।सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर चला पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से पूजा-अर्चना आरती के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान हनुमान की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। जगह-जगह भजन-कीर्तन ढोल-नगाड़ों एवं डीजे की धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। यात्रा नगर के बाखर मुहल्ला बड़कुर मुहल्ला सोनीपुरा बस स्टैंड खेरापति मंदिर से प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई जहां जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे। सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।


### बजरंग दल ने किया धर्मसभा का आयोजन

हनुमान मंदिर में महाआरती प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया गया। तेंदूखेड़ा के मंगल भवन में बजरंग दल और विश्वहिंदू परिषद के द्वारा धर्म सभा का आयोजन किया तथा नगर के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें दुर्गा वाहिनी की बहिनों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया। अलग-अलग स्वरुपों में घोड़ों पर सवार बहिनें आकर्षण का केंद्र बनीं रहीं। जिसमें दोनों संगठनों के पदाधिकारियों क्षेत्रीय और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और हिन्दू समाज को संगठित रहने की बात कही। कई स्थानों पर प्रसादी वितरण एवं शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। शोभा यात्रा में युवाओं की टोली केसरिया पगड़ी मे विशेष उत्साह के साथ शामिल हुई वहीं बच्चों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली।



## भक्ति के रंग में रंगा साईखेड़ा, जय श्री राम के उद्घोष के साथ निकला निशान यात्रा का कारवां

**नवभारत/ साईखेड़ा।** संकटमोचन, पवनपुत्र भगवान हनुमान का जन्मोत्सव शनिवार को समूचे नरसिंहपुर जिले में पूरी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक का माहौल पूरी तरह धर्ममय नजर आया। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां विशेष चोला अर्पण, अभिषेक और महाआरती का आयोजन किया गया। उत्सव के विशेष अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य निशान यात्राएं निकाली गईं। गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ निकली इन यात्राओं में हजारों श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज (निशान) लेकर शामिल हुए। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था; युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी %जय श्री राम% और %जय हनुमान% के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मुख्य मार्गों से गुजरते समय इन यात्राओं का स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस वर्ष जन्मोत्सव के चल समारोह में एक से बढ़कर एक विशाल और सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कहीं पवनपुत्र हनुमान पर्वत उठाए हुए नजर आए, तो कहीं भगवान राम के चरणों में वंदना करते हुए।



साईंखेड़ा में शराब दुकान का विरोध

## रिहायशी और धार्मिक क्षेत्र में दुकान खोलने पर आक्रोश, नगरवासियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

**नवभारत/ सांईखेड़ा।** नगर के महाराणा प्रताप वार्ड (वार्ड नंबर 01) में नई शराब दुकान प्रस्तावित किए जाने के खिलाफ स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस निर्णय को जनभावनाओं और धार्मिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यदि दुकान का स्थान नहीं बदला गया, तो इससे न केवल क्षेत्र की शांति भंग होगी, बल्कि धार्मिक और शैक्षणिक माहौल पर भी बुरा असर पड़ेगा।

### धार्मिक आस्था के केंद्रों से घिरी है प्रस्तावित जगह

ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में शराब दुकान का विरोध करने के लिए मुख्य रूप से छह ठोस कारण बताए गए हैं। ज्ञापन के अनुसार, जिस स्थान पर शराब दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है, उसके चारों ओर अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं- हनुमान मंदिर- प्रस्तावित स्थान के ठीक पीछे 100 साल पुराना प्राचीन हनुमान मंदिर स्थित है। बाईं ओर विश्व विख्यात दादाजी धूनीवाले का मंदिर है, जहाँ वर्षभर लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। दुकान के सामने ही मुस्लिम समाज की आस्था का केंद्र श्री दादाजी बरिया वालों का पवित्र स्थान है। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर व शक्ति माता मंदिर- पास ही में सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर और शक्ति माता मंदिर स्थित हैं, जहाँ प्रतिवर्ष माता की प्रतिमा स्थापित की जाती है और सैकड़ों श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हैं।

### छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर संकट

धार्मिक कारणों के अलावा, सबसे बड़ा मुद्दा सेंट्रल पब्लिक एकेडमी स्कूल का है, जो दुकान से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। स्कूल में 1120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ज्ञापन में उल्लेख है कि लगभग 200 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन पैदल इसी रास्ते से गुजरते हैं। शराब दुकान होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में डर का माहौल है और उनका मानना है कि इससे बच्चों के मानस पटल पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

### प्रशासन से स्थान बदलने की मांग

नगरवासियों ने मान्यवर के नाम संबोधन में यह मांग की है कि सत्र 2026-27 के लिए तय किए गए इस स्थान को तत्काल बदला जाए। नागरिकों का कहना है कि वे शराब दुकान के विरोध में नहीं हैं, बल्कि उसके स्थान चयन के विरोध में हैं। वे चाहते हैं कि दुकान को किसी ऐसे स्थान पर स्थानांतरित किया जाए जहाँ सामाजिक प्रतिरोध न हो और किसी की आस्था या सुरक्षा को खतरा न पहुंचे। महाराणा प्रताप वार्ड में दुकान खुलने से नागरिकों में असंतोष और नाराजगी है। हम प्रशासन से निवेदन करते हैं कि वे इन छह बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करें और शीघ्र अति शीघ्र दुकान का स्थान परिवर्तित करें। अब देखना यह होगा कि प्रशासन नागरिकों की इस जायज मांग पर क्या संज्ञान लेता है और आगामी सत्र में दुकान का संचालन कहाँ से किया जाता है।

### हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा से नगर हुआ धर्ममय



**करेली।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान जन्मोत्सव की भव्य शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम,श्री हनुमान दरबार, उज्जैन का अखाड़ा,आदिवासी नृत्य,ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की भगवान श्रीराम के दिव्य दरबार की झांकी,अघोरी नृत्य और चलित दिव्य गोरिल्ला और पांडा की झांकी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। शोभायात्रा में मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल सहित अन्य संगठन और संस्था में विश्व हिंदू परिषद, महिला हिंदू वाहिनी,वानर सेना समिति,विश्व हिंदू परिषद, ग्रैंडमर्चेंट एसोसिएशन व अन्य सामाजिक धार्मिक संस्था शामिल रही।

### जगह-जगह हुए भंडारे, हनुमान भक्तों ने निकाली वाहन रैली



**गोटेगांव।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और दिनभर धार्मिक आयोजनों का क्रम चलता रहा। मंदिरों में भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव विधि-विधान से मनाया गया, जहां पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन, महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर, सराफा बाजार हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर, रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर रिप्टा मोहल्ला हनुमान मंदिर साहू मोहल्ला शक्तिपीठ हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष अनुष्ठान आयोजित हुए। मंदिरों को आकर्षक सजावट से सजाया गया।

### धर्ममय आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न



**गोटेगांव।** 105 भावनामति माताजी ससंघ के आशीर्वाद एवं निर्देशन में यशोदा संभाग के अंतर्गत श्री पार्श्वनाथ शाखा गोटेगांव द्वारा महावीर जयंती के पावन अवसर पर दो दिवसीय भव्य एवं धर्ममय आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर विधान से हुआ, जिसमें आरती जी ने माता त्रिशला एवं मोनिका जैन ने कुबेर का पात्र निभाया। परिषद की बहन परिधि ने इंद्राणी बनकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। माता त्रिशला की गोद भराई कार्यक्रम में शीतल जैन को भगवान वर्धमान की बुआ बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परिषद की बहनों द्वारा सादे एवं उपहार अर्पित कर भक्ति भाव प्रकट किया गया।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर गाडरवारा में जुलूस निकला



**गाडरवारा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा (जुलूस) निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर में भक्ति व उत्साह का वातावरण देखने को मिला। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। जुलूस की शुरुआत शाम 4 बजे खपर वाले हनुमान मंदिर से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों—पुराना गंज, बड़ा सराफा, झंडा चौक, चौकी मोहल्ला, चावड़ी, महावीर भवन, शक्ति चौक, श्याम टॉकीज, शिवालय चौक एवं सब्जी मंडी होते हुए पुनः पुराना गंज में संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान भगवान हनुमान के जीवन प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। साथ ही नगर के विभिन्न अखाड़ों द्वारा पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन किया गय।

एक नजर में



### अज्ञात व्यक्ति का पुलिस को मिला शव

**नवभारत/ करेली।** नेशनल हाईवे से बरमान रेत घाट को जाने वाली सड़क पर अज्ञात व्यक्ति का पुलिस को शव मिला है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी है,अज्ञात शव की पहचान न होने से समाचार लिखने तक मृतक की कोई पहचान नहीं हुई है, जानकारी के अनुसार कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता है तो कृपा कर उसके घर वालों तक सूचना पहुंचाएं और परिजनों को करेली थाने में संपर्क करने की सलाह दे, ।

### पेड़ काटने की अनुमति वन विभाग देगा

**नवभारत/ करेली।** जी सी सी आई प्रदेश अध्यक्ष दिलीप धनराज गुप्ता ,पी एफ ए प्रदेश अध्यक्ष स्वाति गौरव ,मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त ,जी सी सी आई प्रदेश प्रेस संयोजक मीडिया प्रभारी भागीरथ तिवारी ने संयुक्त प्रेस विज्ञाप्ति में कहा है कि मध्य प्रदेश के सभी शहरी निकायों में अब पेड़ों की कटाई पर नकेल कसने के लिए सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब तक नगर निगम और जिला प्रशासन के पास रहने वाला पेड़ काटने की अनुमति का अधिकार अब पूरी तरह से वन विभाग को ट्रांसफर कर दिया गया है। यह कदम शहरों में तेजी से घटते ग्रीन कवर को बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। राज्य सरकार ने अब शहरी स्थानीय निकायों और जिला प्रशासन की शक्तियों को समाप्त कर दिया है। अब निजी जमीन हो या सरकारी, पेड़ हटाने या काटने के लिए वन विभाग की अनुमति अनिवार्य होगी ।नए सरकारी आदेश के मुताबिक, अब प्रदेश के किसी भी कोने में पेड़ काटने के लिए संबंधित क्षेत्र के रेंज ऑफिसर से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यदि रेंजर अनुमति देने से इनकार करता है, तो आवेदक उप-संभागीय वन अधिकारी के पास अपील कर सकता है। इससे पहले यह प्रक्रिया नगर निगम के माध्यम से होती थी, जहां विकास कार्यों के नाम पर नियमों में ढिलाई के आरोप अक्सर लगते रहते थे ।नगर निगम और जिला प्रशासन पर अक्सर इंफ्रास्ट्रक्चर के दबाव में पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के आरोप लगते थे।

### प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर में शामिल होंगे

**नवभारत/** नरसिंहपुर। प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत शनिवार 4 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री राजपूत 4 अप्रैल को प्रात~ 8 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रात~ 11~30 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर आएंगे। आप प्रात~ 11~40 बजे सर्किट हाऊस नरसिंहपुर से प्रस्थान कर प्रात~ 11~45 बजे महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर पहुंचकर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे और विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे।

### पुस्तक मेले में अभिभावकों को पाठ्य पुस्तकों में मिली आकर्षक छूट

**नवभारत/नरसिंहपुर।** शासकीय ईएफए नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। पुस्तक मेले का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन और फीता काटकर किया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे, एडीपीसी विपनेश जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओपी राय एवं प्राचार्य प्रीति नेमा मौजूद थे। अधिकारियों ने पुस्तक मेले में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। शासन की मंशा के अनुरूप अभिभावकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामाग्री उपलब्ध कराने पर बल दिया।





## संस्कार भारती केएनटी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**नवभारत/गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान संस्कार भारती केएनटी पब्लिक हाई स्कूल गोटेगांव के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा नर्सरी से लेकर नौवीं तक का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार और अभिभावकों में हर्ष की लहर है। परीक्षा में नर्सरी की वेदाशिंका पटेल ने 99.5 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, वहीं एलकेजी में मानवी सिलावट और सनाया वंशकार ने भी उत्कृष्ट अंक अर्जित किए। विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणामों में कक्षा पहली की अनन्या पगारे और संस्कृति राय ने 99.25 प्रतिशत, कक्षा छठवीं की श्रेया पगारे ने 99.1 प्रतिशत और कक्षा सातवीं के निधान साहू ने 99.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी तरह कक्षा आठवीं में सेजल पटेल और नौवीं में आर्या नेमा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव ब?ाया। विद्यालय की संचालिका श्रीमती श्रेया उपाध्याय, प्रबंधक जेम्स मैथ्यू और प्राचार्या उर्मिल सोनपाली ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए।

# मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सुनीं जनसमस्याएं

**नवभारत/ गाडरवारा।** क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को सेवा सदन, लक्ष्मी टाउनशिप गाडरवारा में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। इस दौरान मंत्री राव ने नवनियुक्त एल्डरमैनों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कामती दुर्घटना~ पीड़ितों को मिली आर्थिक सहायता कार्यक्रम के दौरान कामती में हुई दुखद घटना को लेकर भी मंत्री सिंह ने संवेदनशीलता दिखाई। पीड़ितों के उपचार एवं सहायता के लिए विभिन्न स्तरों पर आर्थिक मदद स्वीकृत की गई— 2 लाख — मुख्यमंत्री सहायता कोष से 50 हजार — क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा 50 हजार — स्थानीय प्रशासन द्वारा 25 हजार — रेडक्रास सोसाइटी नरसिंहपुर द्वारा मंत्री सिंह ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ब्लैक स्पॉट पर कार्यवाही के निर्देश घटना को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने एमपीआरडीसी (MPRDC) अधिकारियों को निर्देश दिए कि कामती स्थित दुर्घटनास्थल (ब्लैक स्पॉट) को चिन्हित कर शीघ्र अतिक्रमण हटाया जाए तथा सड़क चौड़ीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# पशुपालन विभाग नरसिंहपुर की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित

## एफएमडी टीकाकरण और एआई में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**नरसिंहपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर द्वारा जिले के समस्त संस्था प्रभारियों एवं गौ सेवक मैत्री की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया एवं एबीपीओ डॉ. एम.पी. तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में जिले में पशुधन विकास और आगामी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आगामी एफएमडी (खुरपका-मुँहपका) टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस बार एफएमडी टीकाकरण पश्चात ऑनलाइन एंट्री भी करना है, जिसमें पशुपालक से ओटीपी प्राप्त कर एंट्री की जा सकेगी। उप संचालक डॉ. बृजपुरिया ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक गौवंश का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पशुओं को इस घातक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। बैठक में संस्थान वार प्राप्त सीमन स्ट्रॉ के विरुद्ध की गई ऑनलाइन एआई प्रविष्टि की सघन समीक्षा की गई। पेंडिंग पीडी और काविंग के आंकड़ों को तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक संस्था प्रभारी और गौ सेवक मैत्री के कार्यों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की गई। कम प्रगति दिखाने वाले क्षेत्रों में सुधार लाने और लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने उपस्थित सभी कर्मचारियों से कहा कि वे पशुपालकों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने मैत्री गौ सेवकों को क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने और कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार कार्य में तेजी लाने हेतु प्रोत्साहित किया। बैठक में डॉ. एमपी तिवारी ने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला और एव्हीएफओ रजनीश गढ़ेवाल ने ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा फीडिंग में आने वाली समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर जिले के समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



### जलमंदिर-प्याऊ की स्थापना

**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भीषण गर्मी के मद्देनज़र आमजन को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के गोटेगांव विकासखंड के ग्राम करकबेल में जल मंदिर-प्याऊ की स्थापना कर नागरिकों को जल संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। यह जल मंदिर-प्याऊ नवांकुर संस्था प्राणमित्र समिति करकबेल के द्वारा किया गया। इस अवसर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जल का सदुपयोग करें तथा वर्षा जल संचयन जैसी गतिविधियों को अपनाकर जल संरक्षण में अपना सक्रिय योगदान दें।



## मेधावी छात्रा खुशी चंदोरिया ने 92 .5 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**नवभारत/ गोटेगांव।** संस्कार भारती के.एन.टी. पब्लिक स्कूल की कक्षा 7वीं की छात्रा खुशी चंदोरिया ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। खुशी ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा और स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर पिता जितेंद्र चंदोरिया और माता सविता जितेंद्र चंदोरिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बेटी की कड़ी मेहनत और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल बताया है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षक स्टाफ ने खुशी को इस बड़ी सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। खुशी की इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे क्षेत्र के गौरव में भी वृद्धि हुई है। स्थानीय नागरिकों ने भी मेधावी छात्रा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।